[4/7/2024]

प्रश्न सं. [क्र. 1100]

परिशिष्ट-1

CHW/26010/2/Assembly Question/2012/ Dated the 17th June, 2024

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

परियोजना क्रियान्वयन इकाई, छिन्दवाडा (म0प्र0)

विषयः विधान सभा तारांकित प्रश्न क्र. 1100 (उत्तर देने का दिनांक 26.06.2024) : बंजारी के पास सुधार कार्य – श्री दिनेश राय मुनमुन ।

संदर्भः क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर का ईमेल इस कार्यालय को प्राप्त दिनांक 14.06.2024.

महोदय,

सन्दर्भित मेल द्वारा चाही गई, (मध्य प्रदेश विधान सभा–तारांकित प्रश्न क्रमांक 1100 द्वारा श्री दिनेश राय मुनमुन) वांछित जानकारी का जबाव मसौदा निम्नानुसार है–

क्र.	तारांकित प्रश्न	उत्तर
(क)	क्या शासन के प्रावधानों अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग समतल होना चाहिए ?	हाँ
(ख)	क्या नागपुर से जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिवनी जिले के अंतर्गत छपारा से बंजारी घाटी के मध्य दरारें पड़ गयी हैं ?	नहीं
(ग)	क्या उक्त राजमार्ग पर अनेक स्थानों पर किया गया पेंच वर्क के कारण मार्ग अनेक जगह असमतल हो गया है जिसके कारण आये दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं, फलस्वरूप बडी संख्या में जन धन की क्षति हो रही है ?	नहीं, मार्ग में हुए गड्डे और रटिंग को मिलिंग के द्वारा कट कर पेंच रिपेयर का कार्य किया गया है जिस कारण मार्ग असमतल नहीं है। दुर्घटनाएं होने का कारण बंजारी और घुनई घाटी का ब्लैक स्पॉट होना है, जो वर्ष 2015–2018 सड़क एवं परिवहन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चिन्हित किये गये हैं। इन स्थानों पर जन–धन की हानि रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट के दीर्घकालीन सुधार कार्य हेतु कार्यादेश दिनांक 06.01.2024 को जारी किया गया है एवं जिनका सुधार कार्य वर्तमान में प्रगतिरत है । इसके अलावा छपारा से लखनादौन के बीच 9.24 कि.मी. मार्ग के मेजर मेंटिनेंस कार्य हेतु दिनांक 16.03.2024 को कार्यादेश जारी किया गया है जिसका कार्य भी वर्तमान में प्रगतिरत है ।
(घ)	यदि हाँ तो क्या उक्त मार्ग ठेकेदार से समतल कराये जाने एवं दरारें भरने हेतु विभाग द्वारा लिखा गया है ? यदि हाँ, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ?	वर्तमान में मार्ग असमतल नहीं है, शेष का प्रश्न नहीं उठता ।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय

(संजीव शर्मा)
परियोजना निदेशक